ग्रेटर अलीगढ़ में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम

चर्चा में क्यों?

18 नवंबर, 2023 को अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि बनारस की तर्ज पर ग्रेटर अलीगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 400 करोड़ रुपए का खर्च होने का अनुमान है।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) अलीगढ़-पलवल राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 300 हेक्टेयर में आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इसमें ग्राम मूसेपुर, जिरौली, जिरौली डोर, अटलपुर, अहमदाबाद, जतनपुर चिकावटी, रुस्तमपुर अखन, ल्होसरा बिसावन में जमीन ली जा रही है।
- लखनऊ की कंसलटेंसी फर्म द्वारा टाउनशिप का ले-आउट तैयार किया गया है। टाउनशिप तीन चरणों में विकसित की जा रही है। टाउनशिप में करीब छह एकड़ जमीन पर स्टेडियम का निर्माण होगा।
- इस स्टेडियम को बनारस के स्टेडियम की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित इस स्टेडियम में करीब 20 हज़ार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रिंकू सिंह अलीगढ़ से हैं। ऐसे में इस स्टेडियम के बनने से ताला एवं तालीम के इस शहर का नाम देशभर में और भी चमकेगा और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को उच्चकोटि की सुविधाओं वाला खेल मैदान भी उपलब्ध हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-stadium-to-be-built-in-greater-aligarh